# गुलाबी गैंग का नौजवान पीढ़ियों का जीवन बचाने शराब बंदी के लिए सद्बुद्धी यज्ञ पर शासन के दबाव में लगाई रोक - पूर्णिमा वर्मा को किया गया हाउस अरेस्ट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गुलाबी गैंग छिंदवाड़ा द्वारा 20 सितंबर 2026 दिन रविवार को स्थानीय फब्बारा चौक छिंदवाड़ा से संपूर्ण प्रदेश में शराब बंदी को लेकर 20 सितम्बर को मुख्यमंत्री के लिये सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया था परंतु आयोजन के पूर्व ही गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा को हाउस अरेस्ट करने से स्पष्ट हो गया कि प्रशासन की इस आयोजन के होने से नींद उड़ी हुई थी, इसलिये जिला प्रशासन ने शासन के दबाव में आकर उन्हे हाउस अरेस्ट किया।

पूर्णिमा ने कहा कि वे शासन के द्वारा की गई कार्यवाही की निंदा करती हैं, और शासन की तानाशाही अब नहीं चलेगी और न ही जनता अब भाजपा सरकार को माफ करेगी। क्योंकि आज मोहन सरकार की शराब नीतियों को लेकर विध्वसंक निर्णयों ने पूरे प्रदेश को नशे की गर्त में धकेल दिया है, हजारों लाखों परिवार हर रोज तबाह हो रहे हैं, बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा आज बुरी तरह अस्त व्यस्त है। शराब के चलते पूरे प्रदेश में आपराधिक आंकड़े बेलगाम बढ़ रहे हैं, जिस पर शासन-प्रशासन की निरंकुशता स्पष्ट दिखाई दे रही है, जो आज समाज को खुली चुनौती दे रहे हैं, शराब मुक्त समाज के निर्माण और नौजवान बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए आपको स्वयं जिम्मेदारी लेनी होगी, आपको स्वयं ही ये बीड़ा उठाना होगा, सवाल अब स्वास्थ्य सुरक्षा और शिक्षा का है, जो हालत आज जिले और मध्य प्रदेश के हैं ये चुनौती लपटे बहुत जल्द आपके घर तक भी पहुँचेगी, इसमें कोई संदेह नहीं। दूध की दुकानों से लेकर किराना दुकानों में नशे की भरपूर खेप पहुँचायी जा रही है, चाहे शराब हो या सूखा नशा या ड्रग्स जो स्कूल तक में प्रवेश कर चुका है, आखिर कौन लोग है, इस आपका भी कोई दायित्व नहीं ये सवाल आप जन मानस के लिए है ? घर में अचानक से कोई बच्चा या नौजवान नशे की चपटे में मिलेगा। मैं गुलाबी गैंग के माध्यम से शराब बंदी के खिलाफ लगातार कई सालों से लड़ रही हूॅ लगातार आंदोलन कर रही हूॅ, अब आपके साथ की जरूरत है, क्योंकि अब सवाल आपके





बच्चों की सुरक्षा का है, ये नैतिक जिम्मेदारी है, अपने आपको नशे के खिलाफ आवाज बुलंद करना होगा, मैं हर बेटी, हर बहन, हर मॉ से अपील करती हूॅ बड़ी से बड़ी संख्या में संगठित होने के लिए तैयार रहें सरकार जिसे हम चुनते हैं बच्चों और नौजवान पीढ़ियों का भविष्य बुनते हैं, जब यही सरकार मौत का कारोबार फैलाने लगे हमारे बच्चों को मौत की कगार पर लाकर खड़ा कर दें, तो हमें सड़कों पर उतरना आवश्यक हो जाता है, सागर शराब त्रासदी एक बड़ा उदाहरण है हमारे सामने जिसकी पुनरावृत्ति छिंदवाड़ा में न हो जावे, इस बात में कतई नहीं।

मानसरोवर के सामने पुलिस गेट के सामने, शहीद मेजर अमित ठेंगे की प्रतिमा के ठीक सामने शासकीय शराब के साथ खुले शराब अवैध अहाते चल रहे मानो मेजर अमित ठेंगे की प्रतिमा उनकी सुरक्षा में तैनात दिख रही हो, कड़वा है पर यह सत्य परिदृश्य है, लोग भगवा उतारने पर समस्त हिन्दुओं के साथ प्रदर्शन कर भगवा पुनः लगवा देते हैं लेकिन इस माटी के लाल ने देश की सुरक्षा में अपने प्राण अपना शीश गवाया है, क्या शराबियों के मेले शहीद अमित ठेंगे के सामने लगने चाहिए, इससे भद्दा समाज का क्या परिदृश्य होगा। धर्म ठेकेदारों से कहती हूॅ देश के गौरव का सम्मान करो, शहीदों का मान रखो, उनके सामने से शराब खाने हटवाये जायें नहीं तो मैं खुद शहीद मेजर अमित ठेंगे की प्रतिमा को लेकर दिल्ली कूच करूंगी और संसद के सामने सम्मानित जगह ले जाकर जिले के गौरव को स्थापित करूंगी, ये चेतावनी है, मेरी शासन और प्रशासन को। इस सबकी जिसकी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी ।

अब ग्रामीणों अंचलों में नशामुक्ति अभियान जोरों पर चलायें जायेंगे। आवासीय परिक्षेत्रों से वैध-अवैध शराब खाने शराब अहाते बहार ले जाने होंगे- छिंदवाड़ा मेरा परिवार है, मध्यप्रदेश मेरा कुटुम्ब है और मैं अपनी नैतिक जिम्मेदारी के साथ इनकी सुरक्षा में तैनात हूॅ ।

गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने समस्त मातृशक्तियों से पुनः आव्हान किया कि वे कमर कस लें और संकल्प लें, स्वस्थ स्वच्छ सुरक्षित समाज के निर्माण में अग्रणी होकर संकल्प लें स्वच्छ सुरक्षित समाज के निर्माण में अग्रणी होकर अपने जिम्मेदार नागरिक मॉ, बहन, बेटी होने का परिचय दें। आप सभी के इंतजार में हर आंदोलन में आपकी अपनी पूर्णिमा वर्मा साथ है ।

## सार समाचार

### बम्हनीलाला के मंशाराम कनोजिया ने किया रक्तदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मौका दीजिए, अपने खून को, किसी की रगों में बहने का। यह लाजवाब तरीका है, कई जिस्मों में जिंदा रहने का-इसी संदेश को चरितार्थ करते हुए ग्राम बम्हनी लाला निवासी मंशाराम कानोजिया ने मानवता की मिसाल पेश की है। श्री कनौजिया ने जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया, उनका कहना है कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि हमारे द्वारा दिया गया एक यूनिट लोगों की जान बचा सकता है। आगे कहा कि जैसे रक्तदाताओं की वजह से ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल पाता है। मंशाराम के इस नेक कार्य की सराहना की है। इस अवसर पर समाज सेवी शिवसिंग डेहरिया, समाज सेवी बलराम उइके, शोभाराम जम्होरे सहित ब्लड बैक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सीटीयू स्थलों पर पौधारोपण, दिया स्वच्छ भारत-हरित भारत का संदेश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा सीटीयू के तहत चिन्हित स्थलों को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के क्रियान्वयन में नगर पालिक निगम की सहायक संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज की प्रमुख भूमिका रही। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 18 एवं 39 में सीटीयू के तहत चिन्हित स्थलों पर पूर्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया था। सफाई के उपरांत आज इन स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। वार्ड क्रमांक 18 में आयोजित पौधारोपण गतिविधि में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बादल भारद्वाज एवं माय भारत एवं समीर दुबे ने सहभागिता की। वहीं वार्ड क्रमांक 39 में क्षेत्रीय दुकानदारों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर अभियान में भाग लिया तथा लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

### हिन्दी के परिवार को छिन्न-भिन्न न करें हिन्दी दिवस समारोह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हिन्दी साधना का विषय है, हिन्दी का परिवार बहुत बडा है, यह एक समृद्ध भाषा है। आज के इस तकनीकि एवं आधुनिक युग में भी हिन्दी की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। अनेक बोलिया और विभिन्न क्षेत्रीय भाषा, हिन्दी का श्रृंगार है यह सब हिन्दी के परिवार का ही अंग है। जब हम हिन्दी में बात करते है तो इसके इन अंगों को छिन्न-भिन्न नहीं किया जा सकता। वर्तमान परिस्थितियों ने हिन्दी की गुणवक्ता को कमजोर किया है। हिन्दी की गुणवक्ता उसके संपन्न शब्दों और अक्षरों से ही है। हिन्दी में अनेक अहिन्दी भाषी शब्दों का मिलन कराकर इस गौरवशाली भाषा को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त उद्गार डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय से हिन्दी विभाग के अधिष्ठाता और विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने व्यक्त किये। वे हिन्दी प्रचारिणी समिति द्वारा हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर हिन्दी की आठ दशकों सेवा करने वाले वयोवृद्ध साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं युवा रचनाधर्मी श्रीमती स्वर्णा दीक्षित को उनकी साहित्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।



## जय भीम सेना की हुंकार, जुन्नारदेव ब्लाक का हुआ गठन, सैकड़ों साथियों व नारी शक्ति ने ली सदस्यता

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के गुड़ी अंबाडा स्थित बौद्ध विहार भवन में जय भीम सेना संगठन की एक ऐतिहासिक और विशाल बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शोषित, वंचित, एस.सी.,एस.टी., ओबीसी वर्गों में सामाजिक जागरूकता लाना, क्षेत्रीय समस्याओं पर एकजुट होना और संगठन का विस्तार करना था। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया।




कार्यक्रम की शुरुआत में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा परम पूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले और जननायक बिरसा मुंडा के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात वक्ताओं ने महापुरुषों के क्रांतिकारी विचारों और उनके संघर्षों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## एम.पी. पी.एस. सी. में आदिवासी छात्रा का चयन होने पर सांसद विवेक बंटी साहू ने किया सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विधानसभा के ग्राम रिछड़ा निवासी संतलाल नर्रे की सुपुत्री आशा नर्रे का एमपीपीएससी में सहायक कुल सचिव के पद पर चयन हुआ है। उनके चयन पर सांसद श्री साहू ने खुशी जाहिर करते हुए रविवार की शाम सांसद कार्यालय में आशा नर्रे का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक छोटे से गांव रिछेड़ा की प्रतिभावान छात्रा आषा नर्रे का सहायक कुल सचिव के पद पर चयन होना आदिवासी समाज के लिए गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि उनका यह चयन आदिवासी समाज के अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए प्रेंरणा का काम करेगा। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता सचिन सूर्यवंशी, संजू चंद्रभूषण सूर्यवंशी, आकाश सूर्यवंशी, महेंद्र मालवी, चेतुलाल मालवी सहित परिवारजन मौजूद थे।



## जी राम जी योजना का किसानों को नहीं मिल रहा लाभ-कागजो पर योजनाएं-किसान कर रहे इंतजार

**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्र के विकास और किसानों की आजीविका को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई विकसित भारत जी, राम जी योजना को लेकर क्षेत्र के किसानों में उम्मीद जगी थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर कई किसानों का कहना है कि उन्हें योजना का अपेक्षित लाभ अब तक नहीं मिल पा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई वीबी.जी राम जी योजना में पात्र ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी गई है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार के साथ-साथ टिकाऊ परिसंपत्तियों और ग्रामीण अधोसंरचना का निर्माण करना भी है।

लेकिन क्षेत्र के किसानों का कहना है कि योजना की जानकारी काम की स्वीकृति, कार्यस्थल और भुगतान जैसी प्रक्रियाओं को लेकर अभी भी स्पष्टता की कमी दिखाई दे रही है। किसानों का सवाल है कि यदि योजना का उद्देश्य गांवों और कृषि आधारित आजीविका को मजबूत करना है, तो इसका वास्तविक लाभ खेत और गांव तक कब पहुंचेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जाना चाहिए।

केंन्द्र सरकार द्वारा अपने बहुमत का उपयोग करके मनरेगा योजना का नाम बदलकर विबी.जी राम जी योजना कर तो दिया गया लेकिन पहले की भांति आज भी कई किसान योजना से वंचित हो रहे है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना का लाभ ग्राम पंचायत स्तर से मिलता है लेकिन इसमें कई ऐसे किसान है जिनको लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे किसान जिनका खेत दूसरे पंचायत में आता है और किसान दूसरे पंचायत का रहवासी है ऐसे मामले मे किसानो को बहुत परेशानियां हो रही है। जब सरकार द्वारा इस योजना का नाम बदला गया तो इस बिंदु पर भी सरकार द्वारा चर्चा की जानी चाहिए थी। ऐसे मामलें वाले कई किसान है जिनको लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्राम रामाकोना के किसान राकेश कामठे द्वारा तीन साल पूर्व योजना का लाभ लेकर अपने खेत मे पौधे तो लगा दिए गए लेकिन शेष भुगतान के लिए पिछले दो वर्षो से पंचायत के चक्कर काट रहा है किन्तु अभी तक उसका शेष भुगतान नहीं हो पाया है।

विबी जी राम जी योजना का नाम जुलाई 2026 मे मनरेगा योजना के स्थान पर रखा गया। क्षेत्र की ऐसी बहुत सी ग्राम पंचायतो मे इस योजना के अंतर्गत कई भ्रष्टाचार हुआ है अगर जाँच की जाये तो आपको विकास केवल मस्टररोल एवं कागजो पर ही दिखाई देंगा जबकि जमीनी हकीकत कुछ ओर ही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के अंतर्गत कुछ पंचायतो मे इतना भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसमे जनप्रतिनिधियों एवं उनके रिश्तेदारों द्वारा वृक्षारोपण के नाम राशियों का आहरण हुआ है तो वही समतलीकरण, नंदन फ्ल उद्यानए के नाम पर भी कई हेरा फेरी इस योजना के अंतर्गत हुई है।

## सांसद विवेक बंटी साहू ने टी.सी. कनेक्शनों को लेकर मौके पर ही बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू लगातार छिन्दवाड़ा शहर के वार्डों और दोनों जिलों में दौरा कर रहे है, इस दौरान उन्हें लगातार ग्रामवासियों और वार्डवासियों द्वारा टी.सी. कनेक्शन से संबंधित शिकायते प्राप्त हो रही है। रविवार की शाम छिन्दवाड़ा शहर के वार्ड नंबर 25 साबलेवाड़ी छत्रपति शिवाजी वार्ड के निवासी सांसद बंटी विवेक साहू से टी.सी. कनेक्शन को स्थाई विधुत कनेक्शन में तब्दील करने को लेकर मुलाकात करने के लिए पहुंचे हुए थे। इस दौरान सांसद ने तत्काल ही बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार सिन्हा सहित बिजली विभाग के अन्य अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर वार्डवासियों की टी.सी. कनेक्शन की समस्या से अवगत कराते हुए उसके निराकरण के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रविवार की सुबह सांसद बंटी विवेक साहू प्रतिदिन की भांति पौधारोपण करने के लिए वार्ड नंबर 25 साबलेवाड़ी क्षेत्र मे पहुंचे हुए थे। इस दौरान उनसे वार्डवासियों ने टी.सी. कनेक्शन सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके निराकरण का निवेदन किया था। सांसद श्री साहू ने वार्डवासियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया था। सांसद बंटी विवेक साहू ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सांसद कार्यालय में टी.सी. कनेक्शन की समस्या को हल करने के लिए बुलाया हुआ था। इस दौरान सांसद श्री साहू ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि छिन्दवाड़ा शहर सहित जिले भर में बड़ी संख्या में लोगों के घरों में टी.सी. कनेक्शन लगे हुए है। जिसके चलते उन्हें बिजली विभाग की सब्सिडी सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे छिन्दवाड़ा शहर के वार्डों सहित जिले भर में कैंप लगाकर टी.सी. कनेक्शन उपभोक्ताओं को स्थाई विधुत कनेक्शन के नियमों की जानकारी देते हुए उनके टी.सी. कनेक्शन नियमानुसार स्थाई विधुत कनेक्शनों में तब्दील करवाए।

सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात के दौरान साबलेवाड़ी के वार्डवासियों ने बताया कि वे साबलेवाड़ी में विगत 10 वर्षों से ज्यादा समय से निवास कर रहे है। वे नगर निगम को मकान, नल एवं रोड टैक्स नियमित रूप से जमा कर रहे है, लेकिन उन्हें कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि टी.सी. कनेक्शन होने से उन्हें प्रतिमाह 4 से 5 हजार रूपये प्रति कनेक्शन भुगतान करना पड़ रहा है।

वर्तमान में बिजली विभाग द्वारा टी.सी. कनेक्शन को रिन्यू कराने का नोटिस सभी को दिया गया है जिसमें प्रति कनेक्शन 7000 रूपये जमा करने के लिए कहा गया है। यह राशि जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने की बात नोटिस में कही गई है। इस दौरान सांसद श्री साहू ने वार्डवासियों को उक्त मामले को लेकर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष वामनराव साबले सहित वार्ड से बड़ी संख्या में महिलाएं एवं वार्डवासी मौजूद थे।